वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण–दि0 17.09.2024

सारंगनाथ महादेव मंदिर में खुद आचार्य और यजमान बने मुख्यमंत्री

जासं, वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काशी दौरे में कर्म-धर्म का अनूठा समन्वय दिख जाता है। सोमवार को सीएम जब सारनाथ में विकास कार्यों के निरीक्षण पर आए तो उन्होंने तय शेड्यूल अनुसार प्रो-पुअर प्रोजेक्ट व सारंगनाथ महादेव मंदिर सुंदरीकरण कार्य की स्थिति देखी। जांच-परख पूरी करने के बाद सारंगनाथ महादेव का दर्शन-पूजन करने के लिए मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर गए। पुजारी ने उन्हें सारंगनाथ महादेव की स्थापना और महात्म्य समेत संपूर्ण कथा संक्षेप में सुनाई। अभी पूजन विधान शुरू कराया ही था कि क्रम ठीक न होने से मुख्यमंत्री योगी के हाथ ठिठक गए। चेहरे पर मुस्कान लिए सहज भाव से कहा मैं जो सामग्री मांग कहा आप देते जाइए, और खुद ही विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतम बुद्ध से पहले सारनाथ में सारंगनाथ महादेव ही पूजे जाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान भोलेनाथ ही हैं कि जो शहर और घृत एक साथ ग्रहण करते हैं, यह किसी और के वश की बात नहीं। सीएम ने दीप से आरती की और फल-मिष्ठान का भोग लगाया। मुख्यमंत्री के भावों में लोगों ने गोरक्षपीठाधीश्वर के दर्शन किए और गर्भगृह हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा।

इसके बाद मुख्यमंत्री सारनाथ में प्रो पुअर पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत चल रहे सुंदरीकरण को देखने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कार्यालय के पास पहुंचे। यहां वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ बताया कि काम पूरा हो गया है। कुछ छोटे-छोटे काम बचे हैं जो जल्द पूरे कर लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सड़क के पास हरियाली और रंग-बिरंगी लाइटिंग देखी और पूछा कि यह योजना किस विभाग को हैंडओवर किया जा रहा है। इसका सही ढंग से

हिन्दुस्तान–दि0 17.09.2024

मार्च में है रोप-वे के लोकार्पण की तैयारी

मुख्यमंत्री ने रोपवे परियोजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इसमें अनावश्यक देरी न होने पाए। जिलाधिकारी ने बताया कि तीन स्टेशनों का निर्माण दिसम्बर और बाकी का निर्माण मार्च तक पूरा करा लिया जाएगा।